Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا كُتِبَ عَلَيْكُمُ الصِّيَامُ كَمَا كُتِبَ عَلَى الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِكُمْ لَعَلَّكُمْ تَتَّقُوْنَ ○

सूरः बकरः , आयत : 184

अनुवाद : हे ईमान लाने वालों! तुम पर रोज़े उसी तरह फ़र्ज़ कर दिए गए हैं जिस तरह तुमसे पहले लोगों पर फ़र्ज़ किए गए थे, ताकि तुम तक़वा इख़्तियार करो।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष- 10
अंक - 13
मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

26 रमज़ान , 1446 हिज्री कमरी, 27 अमान 1404 हिज्री शम्सी, 27 मार्च 2025 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

मैं प्रार्थना करने वाले की प्रार्थना का उत्तर देता हूँ जब वह मुझे पुकारता है, अतः चाहिए कि वे भी मेरी बात को स्वीकार करें और मुझ पर विश्वास करें ताकि वे मार्गदर्शन प्राप्त करें

अल्लाह का आदेश:

وَاِذَا سَاَلَكَ عِبَادِيْ عَنِّيْ فَاِنِّيْ قَرِيْبٌ ۗ اُجِيْبُ دَعْوَةَ الدَّاعِ اِذَا دَعَانِ ۙ فَلْيَسْتَجِيْبُوْا لِيْ وَلْيُؤْمِنُوْا بِيْ لَعَلَّهُمْ يَرْشُدُوْنَ ۝ اُحِلَّ لَكُمْ لَيْلَةَ الصِّيَامِ الرَّفَثُ اِلٰى نِسَآئِكُمْ ۗ هُنَّ لِبَاسٌ لَّكُمْ وَاَنْتُمْ لِبَاسٌ لَّهُنَّ ۗ عَلِمَ اللّٰهُ اَنَّكُمْ كُنْتُمْ تَخْتَانُوْنَ اَنْفُسَكُمْ فَتَابَ عَلَيْكُمْ وَعَفَا عَنْكُمْ ۚ فَالْئٰنَ بَاشِرُوْهُنَّ وَابْتَغُوْا مَا كَتَبَ اللّٰهُ لَكُمْ ۚ وَكُلُوْا وَاشْرَبُوْا حَتّٰى يَتَبَيَّنَ لَكُمُ الْخَيْطُ الْاَبْيَضُ مِنَ الْخَيْطِ الْاَسْوَدِ مِنَ الْفَجْرِ ۖ ثُمَّ اَتِمُّوا الصِّيَامَ اِلَى الَّيْلِ ۚ وَلَا تُبَاشِرُوْهُنَّ وَاَنْتُمْ عٰكِفُوْنَ ۙ فِي الْمَسٰجِدِ ۗ تِلْكَ حُدُوْدُ اللّٰهِ فَلَا تَقْرَبُوْهَا ۗ كَذٰلِكَ يُبَيِّنُ اللّٰهُ اٰيٰتِهٖ لِلنَّاسِ لَعَلَّهُمْ يَتَّقُوْنَ ۝

"(हे रसूल!) जब मेरे बंदे तुमसे मेरे बारे में पूछें तो (तुम कह दो कि) मैं उनके बहुत करीब हूँ। जब कोई प्रार्थना करने वाला मुझे पुकारता है, तो मैं उसकी प्रार्थना स्वीकार करता हूँ। तो उन्हें चाहिए कि वे भी मेरे आदेश को मानें और मुझ पर विश्वास करें ताकि वे मार्गदर्शन प्राप्त करें।"

रोज़ा रखने की रातों में अपनी पत्नियों के पास जाने की अनुमति है। वे तुम्हारे लिए एक वस्त्र हैं और तुम उनके लिए एक वस्त्र हो। अल्लाह को पता है कि तुम अपने अधिकारों का उल्लंघन कर रहे थे, इसलिए उसने अपनी कृपा से तुम्हारी ओर ध्यान दिया और तुम्हारी इस स्थिति को सुधार दिया। तो अब तुम (बिना संकोच) अपनी पत्नियों के पास जाओ और जो कुछ अल्लाह ने तुम्हारे लिए निर्धारित किया है, उसकी खोज करो। और खाओ और पियो, जब तक कि सुबह की सफेद धारी काली धारी से स्पष्ट रूप से अलग न दिखने लगे। इसके बाद (सुबह से) रात तक रोज़े को पूरा करो।

और जब तुम मस्जिदों में एतेकाफ़ (ध्यान साधना) कर रहे हो तो अपनी पत्नियों के पास न जाओ। ये अल्लाह की निर्धारित सीमाएँ हैं, इसलिए इनके करीब भी न जाओ। अल्लाह इस प्रकार लोगों के लिए अपने आदेश स्पष्ट करता है ताकि वे (नुकसान से) बचें।

रोज़ा एक ढाल है आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम(सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) का आदेश:

عَنْ اَبِيْ هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللّٰهُ عَنْهُ قَالَ : قَالَ رَسُوْلُ اللّٰهِ صَلَّى اللّٰهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ : قَالَ اللّٰهُ عَزَّ وَجَلَّ : كُلُّ عَمَلِ بْنِ اٰدَمَ لَهٗ اِلَّا الصِّيَامَ فَاِنَّهٗ لِيْ وَاَنَا اَجْزِيْ بِهٖ ۔ وَالصِّيَامُ جُنَّةٌ فَاِذَا كَانَ يَوْمُ صَوْمِ اَحَدِكُمْ فَلَا يَرْفُثْ وَلَا يَصْخَبْ فَاِنْ سَابَّهٗ اَحَدٌ اَوْ قَاتَلَهٗ فَلْيَقُلْ : اِنِّيْ صَائِمٌ ۔ وَالَّذِيْ نَفْسُ مُحَمَّدٍ بِيَدِهٖ لَخُلُوْفُ فَمِ الصَّائِمِ اَطْيَبُ عِنْدَ اللّٰهِ مِنْ رِيْحِ الْمِسْكِ ۔ لِلصَّائِمِ فَرْحَتَانِ يَفْرَحُهُمَا ۔ اِذَا اَفْطَرَ فَرِحَ ۔ وَاِذَا لَقِيَ رَبَّهٗ فَرِحَ بِصَوْمِهٖ ۔

(بخاری کتاب الصوم باب هَلْ يَقُوْلُ اِنِّيْ صَائِمٌ اِذَا شُتِمَ)

हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो बयान करते हैं कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) ने फ़रमाया, "अल्लाह तआला फ़रमाता है कि इंसान के सारे काम उसके अपने लिए होते हैं, लेकिन रोज़ा मेरे लिए है और मैं ही इसका बदला दूँगा। यानी इस नेकी के बदले में मैं उसे अपना दर्शन (दीदार) प्रदान करूँगा। अल्लाह तआला फ़रमाता है कि रोज़ा एक ढाल है, इसलिए जब तुममें से किसी का रोज़ा हो तो वह न कोई बेमतलब बात करे, न ही झगड़ा करे। यदि कोई उससे गाली-गलौज करे या झगड़ा करे तो वह बस इतना कहे कि 'मैंने रोज़ा रखा हुआ है'।

उस अस्तित्व की कसम, जिसके हाथ में मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) की जान है! रोज़ेदार के मुँह की महक अल्लाह तआला के निकट कस्तूरी से भी अधिक पवित्र और सुगंधित है, क्योंकि उसने यह स्थिति केवल अल्लाह की खातिर अपनाई है। रोज़ेदार के लिए दो खुशियाँ निश्चित हैं। एक खुशी उसे तब मिलती है जब वह रोज़ा खोलता है और दूसरी खुशी तब होगी जब रोज़े की वजह से उसे अल्लाह तआला से मुलाकात का सौभाग्य प्राप्त होगा।"

यह महीना हृदय को प्रकाशित करने का उत्तम महीना है। इस दौरान अधिकतर आध्यात्मिक अनुभव होते हैं। नमाज़ आत्मा को शुद्ध करती है और रोज़ा हृदय को प्रकाशित करता है।

मगरिब (शाम) की नमाज़ से कुछ ही क्षण पहले रमज़ान का चाँद देखा गया। पैगंबर (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) मगरिब की नमाज़ अदा करने के बाद मस्जिद की छत पर चाँद देखने गए और फिर मस्जिद में वापस आकर फ़रमाया, "पिछला रमज़ान ऐसा लगता है जैसे कल ही गया हो।"

"शहर-ए-रमज़ान अल्लज़ी उनज़िला फीहिल कुरआन" से रमज़ान के महत्व का पता चलता है। सूफ़ियों ने लिखा है कि यह महीना हृदय को प्रकाशित करने के लिए सबसे अच्छा महीना है। इस दौरान कई आध्यात्मिक अनुभव होते हैं। नमाज़ आत्मा को शुद्ध करती है और रोज़ा हृदय को प्रकाशित करता है। आत्मा की शुद्धता का अर्थ यह है कि नफ्स-ए-अम्मारा (इच्छाओं से प्रभावित मन) की प्रवृत्तियों से दूरी बनाई जाए और हृदय की रोशनी का अर्थ यह है कि व्यक्ति को ईश्वर का साक्षात्कार प्राप्त हो। कुरआन में "उनज़िला फीहिल कुरआन" इसी ओर संकेत करता है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि रोज़े का बहुत बड़ा इनाम है, लेकिन बीमारियाँ और अन्य कारण मनुष्य को इस नेमत से वंचित कर देते हैं। मुझे याद है कि युवावस्था में मैंने एक बार सपना देखा कि रोज़ा रखना अहल-ए-बैअत(पैगंबर के परिवार) की परंपरा है। पैगंबर (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) ने मेरे बारे में फ़रमाया: "सलमानु मिन्ना अहलुल बैत" (सलमान हमारे अहल-ए-बैअत में से हैं)।

सलमान का अर्थ "अस-शल्हान" (शांति स्थापित करने वाला) है, जिसका अर्थ यह है कि इस व्यक्ति के माध्यम से दो प्रकार की शांति स्थापित होगी— एक आंतरिक और दूसरी बाहरी। और यह व्यक्ति अपनी जिम्मेदारियाँ प्रेम और नरमी से निभाएगा, न कि तलवार के द्वारा। चूँकि मेरा मार्ग हज़रत हसन रज़ियल्लाहु अन्हो का मार्ग है, जिन्होंने युद्ध नहीं किया, न कि हज़रत हुसैन रज़ियल्लाहु अन्हो का मार्ग, जिन्होंने युद्ध किया, इसलिए मैंने समझा कि इस सपने में रोज़े की ओर संकेत है।

इसलिए, मैंने छह महीने तक रोज़े रखे। इस दौरान मैंने देखा कि प्रकाश के खंभे आसमान की ओर जा रहे हैं। यह स्पष्ट नहीं था कि ये खंभे धरती से उठ रहे थे या मेरे हृदय से, लेकिन यह सब कुछ केवल युवावस्था में संभव था। यदि मैं उस समय चाहता, तो लगातार चार साल तक रोज़े रख सकता था।

"नशात व ख़ुशी तीस साल तक रहती है, लेकिन चालीस साल आते ही पंख झड़ने लगते हैं।"

अब जब चालीस साल से अधिक हो चुके हैं, तो मैं देखता हूँ कि वह बात नहीं रही। पहले मैं बटाला (एक स्थान) तक कई बार पैदल जाता और लौटता था, लेकिन अब पाँच-छह मील चलना भी कठिन हो गया है। चालीस साल की उम्र के बाद शरीर की गर्मी कम होने लगती है, खून की उत्पत्ति कम होती है और इंसान जीवन में कई मानसिक और शारीरिक कष्ट झेल चुका होता है। अब यह देखा गया है कि यदि भूख को अधिक देर तक सहन किया जाए, तो मन बेचैन हो जाता है।

(मल्फ़ूज़ात, भाग 2, पृष्ठ 561, मुद्रित क़ादियान 2003)

★ ★ ★

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - **निगरान बदर बोर्ड क़ादियान**

ख़ुत्बः जुमअः

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का जीवन एक खुली किताब की तरह था, जो सबके सामने था। युद्ध शुरू करने से पहले, आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम सभी को यह आदेश देते थे कि ख़बरदार! किसी बच्चे की हत्या न करना, किसी महिला की हत्या न करना, यहाँ तक कि बिना वजह पेड़ों को भी न काटा जाए। जो व्यक्ति जानवरों को तकलीफ़ में देखना पसंद नहीं करता, वह इंसानों पर कैसे ज़ुल्म और अत्याचार कर सकता है?

एक रिवायत में आता है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम तीर लगने से घायल हो गए और तीर की वजह से आपके कपड़े फट गए। फिर आपने तीर को निकाला और एक मुट्ठी कंकड़ उठाकर उस किले की तरफ़ फेंकी, जिससे किला हिलने लगा और फिर मुसलमानों ने यहूदियों को पकड़ लिया। अंततः किले पर क़ब्ज़ा हो गया।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की पवित्र शख़्सियत और आपकी इज्ज़त सबसे बढ़कर है। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम तो न्याय और इंसाफ़ का प्रतीक थे, समस्त संसार के लिए रहमत थे। हर वह रिवायत जो इसके विरुद्ध हो, वह स्वीकार्य नहीं हो सकती।

किनाना बिन रबीअ को क़त्ल किया गया, लेकिन उसका कारण एक मुस्लिम सेनापति की हत्या थी, जिसके बदले (क़िसास) में वह मारा गया। यही वास्तविक सच्चाई है।

ग़ज़वा-ए-ख़ैबर के संदर्भ में सीरत-ए-नबवी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का वर्णन।

सम्माननीय मास्टर मंसूर अहमद साहिब काहलूँ (वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में निवासरत) का ज़िक्र-ए-ख़ैर और नमाज़ जनाज़ा गायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मौ'मेनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 14 फ़रवरी 2025 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔

أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

खैबर की जंग का वर्णन हो रहा था। अब खैबर के दूसरे किले की फतह का वर्णन करूँगा। यह दूसरा किला, किला सअ़ब बिन मआज़ कहलाता है। इस किले में खैबर के बाकी सभी किलों से ज्यादा खाना, जानवर और साज़ो-सामान था और इसमें पाँच सौ जंगजू रहते थे। हज़रत क़ाब बिन उमर रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि उन्होंने तीन रोज़ तक सअ़ब बिन मआज़ के किले का मुहासिरा रखा। यह एक मज़बूत किला था। हज़रत मुअत्तिब असलमी रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि बनू असलम को खैबर में सख़्त भूख का सामना करना पड़ा। बनू असलम ने इत्तिफ़ाक किया कि हज़रत असमा बिन हारिसा रज़ियल्लाहु अन्हो को रसूले करीम (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की ख़िदमत में भेजें।

बनू असलम ने हज़रत असमा बिन हारिसा रज़ियल्लाहु अन्हो से कहा कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को हमारा सलाम पेश करना और अर्ज़ करना कि हमें भूख और कमज़ोरी ने आ लिया है। बहुत बुरा हाल है। हज़रत असमा रज़ियल्लाहु अन्हो ने आप (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को बनू असलम का सलाम पेश किया। अर्ज़ की कि हमें भूख और कमज़ोरी ने सख़्त परेशान कर रखा है। अतः, आप (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) अल्लाह से हमारे लिए दुआ करें। आप (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने दुआ की, फिर फ़रमाया, क़सम है उस ज़ात की, जिसके हाथ में मेरी जान है! मेरे पास कुछ भी नहीं है जिससे मैं आप लोगों को ताक़त दे सकूँ। मेरे पास खाने को कुछ नहीं है। मैं उनका हाल समझता हूँ जो इस वक़्त भूख से निढाल हैं। फिर यह दुआ की : हे अल्लाह! वह किला उनके लिए फतह कर दे जो खाने और चर्बी से भरा पड़ा है। फिर आपने जंग के लिए झंडा हुबाब बिन मुनज़िर रज़ियल्लाहु अन्हो के हवाले किया।

(सब्लुल् हुदा वल् रिशाद , भाग 5, पृष्ठ 121-122, दारुल कुतुब इल्मिया, बेरूत)

इसकी तफ़सील में बयान किया जाता है कि यहूदियों में से एक शख़्स मुबारज़त (आमने-सामने मुक़ाबला) के लिए बाहर निकला, जिसका नाम युशअ़ था। उसने मुक़ाबले के लिए ललकारा तो फ़ौरन हज़रत हुबाब बिन मुनज़िर रज़ियल्लाहु अन्हो उसके मुक़ाबले के लिए आए। वे क़िताल करते रहे, यहाँ तक कि हज़रत हुबाब रज़ियल्लाहु अन्हो ने उसे क़त्ल कर डाला। फिर ज़ियाल नामी यहूदी ने मुबारज़त तलब की तो हज़रत अ़म्मारा बिन अक़बा ग़िफ़ारी रज़ियल्लाहु अन्हो उसके मुक़ाबले के लिए निकले और आगे बढ़कर उस यहूदी के सिर पर क़ारी ज़र्ब लगाई जिससे उसका सिर फट गया। हज़रत अ़म्मारा बिन अक़बा ग़िफ़ारी रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा: "लो, मैं ग़िफ़ारी जवान हूँ।" तो सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा कि इसका जिहाद बातिल हो गया, अर्थात उन्होंने उस वक़्त यह क़ौमी नारा लगाया और फ़ख्र का इज़हार किया कि मैं ग़िफ़ारी हूँ। सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा : "यह तो अच्छी बात नहीं है, तुमने अपनी बड़ाई बयान की है।" जब यह बात आप (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की ख़िदमत में अर्ज़ की गई तो आपने फ़रमाया : "कोई बात नहीं, उसे अजर मिलेगा और तारीफ़ भी की जाएगी। ऐसे मौक़े पर अगर यह कर दिया जाए तो ऐसी बात नहीं है।"

हज़रत मुहम्मद बिन मुस्लिमा रज़ियल्लाहु अन्हो बयान करते हैं कि मैंने रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को देखा कि आप (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) तीरअंदाज़ी कर रहे थे और आपका एक भी निशाना ख़ता न गया। आप (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) मेरी तरफ़ देख कर मुस्कुराए।

हज़रत हुबाब बिन मुनज़िर रज़ियल्लाहु अन्हो ने अपने जवानों के साथ किले के अंदर दाख़िल होकर सख़्त जंग करके उसे फतह कर लिया और तमाम असलहा और गल्ले पर क़ब्ज़ा कर लिया। किले का दिफ़ा करने वाले बहुत से यहूदी मारे गए और कई क़ैद हुए। हज़रत मुअत्तिब असलमी रज़ियल्लाहु अन्हो, जो हुज़ूर (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) से भूख की वजह से दुआ की दरख़्वास्त लेकर आए थे, वह कहते हैं कि अभी हम वापस न आए थे कि अल्लाह ने क़िला सअ़ब बिन मआज़ पर फतह दे दी। यानी, अभी बातें करके आन्हज़रत (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) से दरख़्वास्त करके हम वापस ही आए थे कि भूख से बुरा हाल था, तो इस दौरान जंग शुरू हुई और फतह भी हो गई।

हज़रत जाबिर रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि क़िला सअ़ब में से जिस क़दर खाने का सामान मिला, वह इतना था कि किसी और क़िले से इतना सामान नहीं मिला। इसमें बहुत सा जौ, खजूरें, घी, शहद, तेल और चर्बी थी। रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के मुनादी ने ऐलान किया: "ख़ुद भी खाओ और अपने जानवरों को भी खिलाओ, और उठाकर कुछ न ले जाना। जो कुछ खाना है, यहीं खाओ।"

(माख़ूज़: फ़तेह ख़ैबर, अल्लामा मुहम्मद अहमद बाशमील, पृष्ठ 140, नफ़ीस अकादमी, कराची

सब्लुल् हुदा वल् रिशाद , भाग 5, पृष्ठ 122, दारुल कुतुब इल्मिया, बेरूत)

फिर तीसरे किले का वर्णन है, किला ज़ुबैर बिन अवाम। इसकी विजय का ज़िक्र इस प्रकार मिलता है। इस किले का नाम क़ुल्लह था, जो बाद में हज़रत ज़ुबैर बिन अवाम रज़ियल्लाहु अन्हो के हिस्से में आया, इसलिए इसका नाम किला ज़ुबैर मशहूर हो गया। जब यहूदी नाअम और सअब बिन मआज़ के किले से ज़ुबैर बिन अवाम के किले की तरफ़ भागे तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उनका घेरा डाल दिया। यह किला पहाड़ की चोटी पर था। आपने तीन दिन तक इसका घेरा किए रखा। एक यहूदी जिसका नाम ग़ज़ाल था, वह आया और उसने कहा कि "ऐ अबुल-क़ासिम!" (ग़ैर मुस्लिम इसी लक़ब से बुलाते थे) "आप मुझे अमान दें इस शर्त पर कि मैं आपको ऐसी बात बताऊँगा जिससे आप अहल-ए-नताआ से राहत हासिल कर लेंगे," यानी इस किले पर क़ब्ज़ा कर सकेंगे और आप अहल-ए-शक़ की तरफ़ निकलेंगे। यक़ीनन अहल-ए-शक़ आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के रोब की वजह से हलाक हो चुके हैं। इसके बाद आप दूसरे किले की तरफ़ जा सकते हैं। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उसके अहल और उसके माल पर उसे अमान दे दी। यहूदी ने कहा कि "बेशक अगर आप इस तरह एक महीना भी खड़े रहें तो उनको कोई परवाह नहीं होगी। उनकी ज़मीन के नीचे सुरंगें हैं, वे रात को निकलते हैं और वहाँ से पानी लाते हैं, फिर अपने-अपने किलों की तरफ़ लौट जाते हैं। वे आप से दिफ़ा कर रहे हैं। अगर आप उनके पानी के रास्ते को काट दें तो वे आपके लिए हथियार डाल देंगे।"

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम उसके साथ गए और यहूद की सुरंगों को काट दिया। जब उनकी पानी की जगह उनसे अलग हो गई तो वे बाहर निकल आए और फिर सख़्त क़िताल (युद्ध) शुरू हो गया। फिर जंग छिड़ गई। उस दिन मुसलमानों में से कुछ सहाबा शहीद हो गए और यहूदियों में से दस आदमी क़त्ल हुए।

आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़तह हासिल की और यह नताआ के किलों में से आख़िरी किला था। जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम नताआ से फ़ारिग़ हुए तो शक़ के किलों की तरफ़ गए। यह किलों का तीसरा ग्रुप था, जैसा कि मैं पहले बयान कर चुका हूँ।

(शरह ज़रक़ानी, भाग 3, पृष्ठ 265, दारुलकुतुब अल्-इल्मियाह, बेरूत)

(सब्लुल् हुदा वल् रिशाद, भाग 5, पृष्ठ 122-123, दारुलकुतुब अल-इल्मियाह, बेरूत)

यहाँ यहूदी सरदार सलाम बिन मिष्कम की मौत का भी ज़िक्र मिलता है। नताआ के किलों की जंग में सलाम बिन मिष्कम भी मुसलमानों के हाथों मारा गया। सलाम बनू नज़ीर का एक बड़ा सरदार था और यहूद का क़ाएद था लेकिन वह बीमार था, इसलिए उसने अन्य यहूदी सरदारों की तरह जंग में अमली तौर पर हिस्सा नहीं लिया, यानी ख़ुद तलवार और तीर के साथ जंग में शामिल नहीं हुआ। उसके साथियों ने उसे यह तजवीज़ दी कि वह कतीबा के इलाक़े में चला जाए क्योंकि वह ज़्यादा महफ़ूज़ है, लेकिन सलाम बिन मिष्कम ने दायमी मरीज़ होने के बावजूद यह तजवीज़ क़बूल नहीं की, यहाँ तक कि वह नताआ ही में मुसलमानों के हाथों मारा गया।

(सीरत एनसाइक्लोपीडिया, भाग 8, पृष्ठ 385, दारुस्सलाम, रियाद)

अगर उसकी बीमारी का वाक़िआ सही है और वह अमली तौर पर जंग करने वाला नहीं था, तो भी उसका क़त्ल इस लिहाज़ से क़ाबिल-ए-एतराज़ नहीं है कि उसने अपने लश्कर को जंग में भेजने के लिए तैयार किया था। उनकी आम निगरानी वही कर रहा होगा। इसलिए इस जंग के माहौल में किसी सहाबी ने उसे भी क़त्ल कर दिया, क्योंकि वह उनके साथ वहाँ मौजूद था। लश्कर के सरदार की बड़ी अहमियत होती है और सरदार के मरने से लश्कर भी हिम्मत हार जाता है। इसलिए इस लिहाज़ से उसका क़त्ल भी कोई क़ाबिल-ए-एतराज़ बात नहीं है।

शक़ के दोनों किलों का घेरा शक़ भी दो या तीन किलों का मजमूआ था और उसकी फ़तह के बारे में इस तरह ज़िक्र है।

शक़ का पहला किला यह दो किले थे। शक़ का पहला किला जिससे आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने इब्तिदा की, वह उबैक़ा किला था। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम एक चोटी पर खड़े हुए जिसका नाम समवान था। इस पर खड़े होकर आपने किले वालों से क़िताल किया। इब्तिदा में एक यहूदी ने मुबारज़त के लिए बुलाया। उसके मुक़ाबले में हज़रत हबाब बिन मुनज़िर रज़ियल्लाहु अन्हो निकले। दोनों ने एक-दूसरे पर हमला किया। हज़रत हबाब ने एक वार से उसका दायाँ बाज़ू बीच से काट दिया और उसके हाथ से तलवार गिर गई। वह शिकस्त खाकर अपने किले की तरफ़ लौट गया। हज़रत हबाब ने उसका पीछा किया और उसकी रीढ़ की हड्डी का पुट्ठा काट दिया। वह गिर पड़ा, तो हज़रत हबाब ने उसे क़त्ल कर दिया।

फिर एक और आदमी निकला और पुकारा कि कौन है जो मुबारज़त करेगा? मुसलमानों में से आले-जहश में से एक शख़्स बाहर आया मगर वह मुक़ाबला करते हुए शहीद हो गया। उस यहूदी ने अपनी जगह पर खड़े होकर फिर मुबारज़त के लिए बुलाया तो उससे हज़रत अबू दुजाना रज़ियल्लाहु अन्हो ने मुक़ाबला किया। हज़रत अबू दुजाना रज़ियल्लाहु अन्होने अपने ख़ुद पर लाल कपड़ा बाँध रखा था। वह यहूदी बड़ा अकड़कर चल रहा था। हज़रत अबू दुजाना जल्दी से आगे बढ़े, उस पर तलवार से वार किया और उसकी टाँग काट दी और उसे क़त्ल कर दिया।

हज़रत अबू दुजाना रज़ियल्लाहु अन्हो उसका जंगी सामान, ज़िरह और तलवार लेकर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुए। आपने यह चीज़ें हज़रत अबू दुजाना रज़ियल्लाहु अन्होको इनायत फ़रमा दीं और यहूद मुबारज़त करने से आजिज़ आ गए। अब फिर इसके बाद कोई नहीं निकला। फिर मुसलमानों ने नारे तक़बीर के साथ भरपूर हमला किया और किले में दाख़िल हो गए। मुसलमानों में से सबसे आगे हज़रत अबू दुजाना रज़ियल्लाहु अन्होथे। मुसलमानों ने इस किले में साज़-ओ-सामान, बकरियाँ और खाना पाया। सभी यहूदी भाग गए। वे दीवारें फाँदते हुए जा रहे थे, गोया कि वे हिरन हों। यहाँ तक कि वे सब शक़ के दूसरे किले की तरफ़ चले गए। बहुत तेज़ी से दौड़े।

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम सहाबा के साथ यहूदियों की तरफ़ निकले और उनसे युद्ध हुआ। यहूदियों ने मुसलमानों पर कड़ी तीर-अंदाज़ी और पत्थरबाज़ी की। मुसलमान भी जवाब में यहूदियों पर उसी तरह तीर चला रहे थे, लेकिन यहूदियों के तीर मुसलमानों को अधिक नुक़सान पहुँचा रहे थे क्योंकि वे किले की बुर्जों से तीर चला रहे थे, यानी ऊँचाई से मार रहे थे, जबकि मुसलमान किले के नीचे ठहरे हुए थे। रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम भी मुसलमानों के साथ यहूदियों पर तीर चला रहे थे। ऐसा मालूम होता है कि यहूदियों का निशाना ख़ास तौर पर वह जगह थी जहाँ आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ठहरे हुए थे, क्योंकि वहीं सबसे ज़्यादा तीर गिर रहे थे।

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम सहाबा के साथ मौजूद थे कि एक तीर आपके कपड़ों से आ टकराया।

एक रिवायत में आता है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम तीर लगने से ज़ख़्मी हो गए और तीर लगने से आपके कपड़े फट गए। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने तीर निकाला, फिर आपने एक मुट्ठी कंकरी ली और उसे क़िले की तरफ़ फेंक दिया, जिससे क़िला हिल गया, यहाँ तक कि मुसलमानों ने यहूदियों को गिरफ़्तार कर लिया। फिर क़ब्ज़ा हो गया।

(फ़तह ख़ैबर, अल्लामा मुहम्मद अहमद बाशमील, पृष्ठ 156-157, नफ़ीस अकादमी, कराची)

(सब्लुल् हुदा वल् रिशाद, भाग 5, पृष्ठ 123, दारुल-कुतुब अल-इल्मियाह, बेरूत)

इन तीनों किलों का मुसलमानों ने घेराव किया। इस बारे में लिखा है कि जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने नताआ और शक़ के किलों को फ़तह कर लिया तो यहूदी कतीबा के तीनों किलों वतीह, सुलालिम और क़मूस – में चले गए। कतीबा के किलों में से सबसे बड़ा क़िला क़मूस था और यह सबसे अधिक सुरक्षित था। यहूदी इन तीनों किलों में क़ैद हो गए और वे अपने किलों से नीचे झाँकते भी नहीं थे, न ही उनमें से कोई मुक़ाबले के लिए बाहर निकला।

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने चौदह दिन तक इन किलों का घेराव किए रखा, यहाँ तक कि आपने इरादा किया कि उन पर मंजरिक (गुलेल)

लगाई जाए। जब यहूदियों को अपने नष्ट होने का यक़ीन हो गया, यानी जब उन्हें लगा कि उन पर तोप से पत्थर फेंके जाएँगे, तो उन्होंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से सुलह की माँग की।

किनाना बिन अबू हुक़ैक ने यहूदियों में से एक आदमी को, जिसका नाम शम्माख था, रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की तरफ़ संदेश लेकर भेजा कि वह आप से बातचीत करना चाहता है। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने इजाज़त दे दी। किनाना बिन अबू हुक़ैक क़िले से नीचे उतरा और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से सुलह का समझौता कर लिया।

आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने सहाबा को भेजा, तो उन्होंने यहूदियों के माल पर क़ब्ज़ा कर लिया। अर्थात सहाबा ने उनके माल पर क़ब्ज़ा किया और इन किलों में से 100 ज़िरहें, 400 तलवारें, 1000 नेज़े, 500 धनुष और तीरों से भरे तरकश हासिल हुए।

(सब्लुल् हुदा वल् रिशाद, भाग 5, पृष्ठ 131, दारुल-कुतुब अल-इल्मियाह, बेरूत)

(अल् सीरतुन्नबविय्या, इब्न कसीर, भाग 3, पृष्ठ 376, दारुल-कुतुब अल-इल्मियाह, बेरूत)

क़िला क़मूस की फ़तह के बारे में कुछ और अलग-अलग रिवायतें भी मिलती हैं। कुछ सीरत की किताबों में लिखा है कि इस क़िले का घेराव बीस दिन तक किया गया और आख़िरकार हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के हाथों यह क़िला यहूदियों के साथ सख़्त मुक़ाबले के बाद फ़तह हुआ।

इसके अलावा, इस क़िले की फ़तह के ज़िक्र में कुछ सीरत लेखकों ने वही घटनाएँ बयान की हैं, जो क़िला नाअम की फ़तह के बारे में दूसरे लेखकों ने लिखी हैं।

(शरह ज़रक़ानी, भाग 3, पृष्ठ 265, दारुल-कुतुब अल-इल्मियाह, बेरूत)

(सीरत एनसाइक्लोपीडिया, भाग 8, पृष्ठ 392-393, दारुस्सलाम, रियाद)

(सबल अल-हुदा, भाग 5, पृष्ठ 124-126, दारुल-कुतुब अल-इल्मियाह, बेरूत)

सुलह के शर्तें बहरहाल, यह क़िला फ़तह हो गया और यहूदियों से एक समझौता हुआ। इस समझौते की शर्तें यह थीं:

1. यहूदियों के लिए अनिवार्य होगा कि वे सभी किलों को ख़ाली कर दें और अपना तमाम युद्ध-सम्बन्धी सामान और हथियार वहीं छोड़ दें, ताकि इस्लामी सेना उस पर क़ब्ज़ा कर ले और वह मुसलमानों की संपत्ति का एक हिस्सा बन जाए। यानी यहूदी अपना हथियार मुसलमानों को सौंप दें। आजकल की भाषा में इसे 'सरेंडर' (समर्पण) करना कहते हैं।

2. रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, बातचीत के मुताबिक़ यहूदियों की जान की हिफ़ाज़त और उनकी औरतों और बच्चों को ग़ुलाम बनाए जाने से उन्हें सुरक्षा प्रदान करेंगे। यानी यहूदी क़त्ल नहीं किए जाएँगे और उनके औरत-बच्चों की हिफ़ाज़त की जाएगी।

3. यहूदियों के लिए ज़रूरी होगा कि वे ख़ैबर से निर्वासित होकर शाम (सीरिया) की तरफ़ चले जाएँ।

4. यहूदियों को ख़ैबर से निर्वासन के समय यह अनुमति होगी कि वे अपनी सवारियों पर जितना माल ले जा सकते हैं, ले जाएँ।

5. यहूदी इस बात का संकल्प करेंगे कि वे अपने गुप्त ख़ज़ानों और संपत्ति की पूरी जानकारी मुसलमानों को देंगे और विजेताओं को सौंप देंगे।

6. यदि यहूदी इस समझौते की किसी भी शर्त का उल्लंघन करें या कोई ऐसा माल छिपाएँ जिसे ज़ाहिर करना अनिवार्य था, तो मुसलमान इस संधि से मुक्त होंगे और यहूदियों की संपत्ति और उनके बच्चे मुसलमानों के लिए जायज़ होंगे।

(फ़तह ख़ैबर, अल्लामा मुहम्मद अहमद बाशमील, पृष्ठ 185-186, नफ़ीस अकादमी, कराची)

ख़ैबर की फ़तह के बाद यहूदियों का ख़ैबर में क़याम और यहूदियों को उनकी आधी पैदावार के बदले में खेतों और बाग़ों को देने का ज़िक्र भी मिलता है। लिखा है कि मुआहिदे के मुताबिक़ तो यहूदियों को शाम की तरफ़ जला वतन होना था, मगर यहूदियों ने रसूले करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में अर्ज़ किया कि उन्हें ख़ैबर में रहने दिया जाए ताकि वे यहां की ज़राअत और खेती-बाड़ी करते रहें, क्योंकि वे इसके बारे में बहुत कुछ जानते हैं। रसूले करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने उनकी दरख़्वास्त क़बूल करते हुए उन्हें ख़ैबर में रहने की इजाज़त दे दी ताकि वे ज़राअत का काम करें और उसके बदले में आधा फल हासिल करें। उनसे बड़ी नरमी का सुलूक किया गया। सहीह बुख़ारी की रिवायत में इसका ज़िक्र यूं मिलता है कि हज़रत अब्दुल्लाह रज़ियल्लाहु अन्हो ने बयान किया कि नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने ख़ैबर यहूदियों को दिया कि वे उसमें काम करें और वहां खेती-बाड़ी करें और उनके लिए आधा हिस्सा होगा जो वहां पैदा होगा।

(फ़तह ख़ैबर, अल्लामा मुहम्मद अहमद बाशमील, पृष्ठ 57, नफ़ीस अकैडमी, कराची)

(सहीह बुख़ारी, किताबुल मग़ाज़ी, बाब मुआमलतुन नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ख़ैबर हदीस 4248)

ख़ैबर में जो सहाबा शहीद हुए उनकी तादाद सतरह (17) थी। उनके नाम ये हैं :

हज़रत रबीअह बिन अक़स रज़ियल्लाहु अन्हो, सक़्फ़ बिन अम्र रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत रिफ़ाआ बिन मसूह रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमय्या रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत महमूद बिन मस्लमा रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत अबू ज़ैय्याह बिन नुमान रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत हारिस बिन हातिब रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत अदी बिन मुर्रह रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत औस बिन हबीब रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत उनेफ़ बिन वाइल रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत मसऊद बिन साद रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत बिश्र बिन बराअ रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत फ़ुज़ैल बिन नुमान रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत आमिर बिन अक़वअ रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत अमारा बिन उक़्बा रज़ियल्लाहु अन्हो, हब्शी ग़ुलाम हज़रत यसार रज़ियल्लाहु अन्हो, और क़बीला अशजअ का एक शख़्स जिसका नाम नहीं लिखा गया।

यहूदियों में से तिरानवे (93) अफ़राद इस ग़ज़वे में क़त्ल हुए, जिनमें से कुछ सरदारों के नाम हैं: हारिस, अबू ज़ैनब, मरहब, उसीर, यासिर, आमिर, किनाना बिन अबी अल-हुक़ैक़।

(तबक़ातुल कुबरा, भाग 2, पृष्ठ 82, दारुल कुतुबुल इल्मिय्या, बेरूत)

(किताबुल मग़ाज़ी, भाग 2, पृष्ठ 160, दारुल कुतुबुल इल्मिय्या, बेरूत)

(इम्ताअ अल-इस्माअ, भाग 1, पृष्ठ 323, दारुल कुतुबुल इल्मिय्या, बेरूत)

(शरह ज़रक़ानी, भाग 3, पृष्ठ 264, दारुल कुतुबुल इल्मिय्या, बेरूत)

ख़ैबर के कुछ मुख़्तलिफ़ वाक़ियात भी बयान हुए हैं, उनमें से एक वाक़िआ किनाना बिन रबीअ के क़त्ल का है। तारीख़ व सीरत की किताबों में वर्णित है कि ख़ैबर फतह होने के बाद जब यहूदियों के साथ मुआहिदा हो गया तो उसके बाद लोग किनाना और उसके भाई रबीअ को रसूले करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के पास लेकर आए। किनाना पूरे ख़ैबर का सरदार था और हज़रत सफ़िया रज़ियल्लाहु अन्हो का शौहर था और रबीअ उसका चचाज़ाद भाई था। किनाना के पास यहूदी क़बीला बनू नज़ीर के सरदार हुय्यी बिन अख़तब का ख़ज़ाना था, जिसमें सोने-चांदी के ज़ेवरात इत्यादि थे और ये ज़ेवरात अहल-ए-अरब को उनकी शादी-ब्याह की तक़रीबात पर उजरत पर दिया करते थे।

इन दोनों को रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि तुम लोगों का वह ख़ज़ाना कहां है? उन्होंने कहा कि जब हम मदीना से निकले तो उसके बाद धीरे-धीरे वह सारा ख़र्च हो गया। एक रिवायत में यह है कि उन्होंने कहा कि "ऐ अबू क़ासिम! हमने उसे अपनी जंग में ख़र्च कर दिया और अब उसमें से कुछ भी बाक़ी नहीं रहा। हमने इस माल को इसी दिन के लिए जमा किया था।"

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने उनसे फ़रमाया कि मदीना से निकलने का ज़माना कोई बहुत दूर का ज़माना नहीं कि वह सारा माल ख़र्च हो जाए। इन दोनों ने इस बात पर क़सम उठाई कि उनके पास कुछ भी माल नहीं है। इस पर आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि अगर वह ख़ज़ाना तुमसे बरामद हो गया तो फिर तुमसे अल्लाह और उसके रसूल का कोई ज़िम्मा न होगा। उन्होंने कहा, "ठीक है।"

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इस बात पर हज़रत अबू बक्र रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हो को गवाह बनाया। इस वक़्त यहूदियों का एक शख़्स उठा और उसने किनाना के पास जाकर कहा, "तुम मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को जो मांग रहे हैं अगर तुम्हारे पास है तो उन्हें दे दो। या अगर तुम्हें पता है तो बता दो कि कहां है, तुम्हारी जान बच जाएगी, वरना अल्लाह की क़सम! वह ज़रूर इस पर ग़ालिब होकर रहेंगे।"

इब्न अबी अल-हुक़ैक़ ने उसे डांटा और वह यहूदी अलग होकर बैठ गया। यह

एक तारीख़ की किताब में लिखा गया है।

(तबक़ातुल कुबरा, भाग 2, पृष्ठ 86, दारुल कुतुबुल इल्मिय्या, बेरूत)

(तारीख़ुल ख़मीस, भाग 2, पृष्ठ 415, दारुल सादिर, बेरूत)

(किताबुल मग़ाज़ी, भाग 2, पृष्ठ 140, दारुल कुतुबुल इल्मिय्या, बेरूत)

हज़रत इब्ने अब्बास रज़ियल्लाहु अन्हो बयान करते हैं कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने उन दोनों से फ़रमाया कि अगर तुमने मुझसे कोई चीज़ छिपाई और फिर मुझे मालूम हो गया, तो मैं तुम्हारे खून और तुम्हारी औलादों को इसके कारण हलाल समझूंगा। उन्होंने कहा, ठीक है। इतिहास की एक किताब में इस ख़ज़ाने का पता चलने की एक रिवायत संक्षेप में इस तरह बयान हुई है।

हज़रत इब्ने अब्बास रज़ियल्लाहु अन्हो बयान करते हैं कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने अंसार में से एक आदमी को बुलाया और कहा कि तुम फलां-फलां मैदान में जाओ, फिर खजूरों के पास आओ, फिर खजूरों को दाईं तरफ से या बाईं तरफ से जो ऊंची हों, उन्हें देखो, जो कुछ वहां हो, उसे मेरे पास ले आओ, यानी उनके नीचे क्या है। इस ख़ज़ाने की क़ीमत लगाई गई तो उसकी क़ीमत दस हज़ार दीनार लगी। वादा ख़िलाफ़ी की वजह से उन दोनों को क़त्ल कर दिया गया और उनके अहल-ए-ख़ानदान को क़ैद कर लिया गया। यह एक रिवायत है।

एक रिवायत में यह बयान हुआ है, यह कहां तक सही है, इसका बाद में विश्लेषण होगा। एक और रिवायत में यूं बयान हुआ है कि इब्ने इसहाक़ बयान करते हैं कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के पास किनाना को लाया गया और उसके पास बनू नज़ीर का ख़ज़ाना था। उससे ख़ज़ाने के बारे में पूछा गया तो उसने इंकार कर दिया।

(तबकातुल् कुबरा, भाग 2, पृष्ठ 86, दारुल कुतुब अल-इल्मिय्या, बेरूत)

(शरह ज़रक़ानी, भाग 3, पृष्ठ 266, दारुल कुतुब अल-इल्मिय्या, बेरूत)

फिर रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के पास यहूद का एक आदमी लाया गया, उसका नाम सअल्बा था। कुछ जगहों पर यह ज़िक्र है कि सय्या बिन सलाम बिन अबू हुक़ैक को बुलाकर पूछा। उसने रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) से कहा कि मैंने किनाना को देखा कि वह हर सुबह उन खंडहरों के इर्द-गिर्द घूमता था। रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने सअल्बा के साथ हज़रत जुबैर बिन अव्वाम रज़ियल्लाहु अन्हो और कुछ मुसलमानों को भेजा, जहां सअल्बा ने बताया था। वहां खुदाई की गई तो ख़ज़ाना निकल आया।

एक रिवायत में यह है कि कुछ ख़ज़ाना मिल गया लेकिन बाकी नहीं मिला और किनाना ने भी बताने से इंकार कर दिया, तो रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने हज़रत जुबैर को हुक्म दिया कि किनाना को सज़ा दो। हज़रत जुबैर चकमक पत्थर लेकर आए और उसके सीने पर मारते जिससे आग निकलती। जब वह मरने के करीब हो गया, तब उसने बाकी ख़ज़ाने के बारे में बताया। इस पर रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने किनाना को मुहम्मद बिन मस्लमा के हवाले कर दिया कि वह उसे क़त्ल कर दें। फिर मुहम्मद बिन मस्लमा ने अपने भाई महमूद बिन मस्लमा, जिन पर चक्की का पत्थर गिराया गया था और वे शहीद हो गए थे, उनके बदले में किनाना को क़त्ल कर दिया।

बहरहाल, क़त्ल तो किया गया, लेकिन जिस तरह यह वाक़या बयान किया जाता है, यह रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के उसवे के खिलाफ़ लगता है। कुछ रिवायतों में है कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के हुक्म से उन दोनों भाइयों को क़त्ल कर दिया गया। एक रिवायत के मुताबिक, किनाना को मुहम्मद बिन मस्लमा ने क़त्ल किया, जबकि उसके दूसरे भाई को बिश्र बिन बराअ के घरवालों के सुपुर्द कर दिया गया और उसे भी बिश्र बिन बराअ के बदले में क़त्ल कर दिया गया। रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने उनके माल को हलाल करार दिया और उनकी औलाद को क़ैदी बना लिया।

यह रिवायतें तारीख़ और सीरत की मुअ्तबर किताबों में मौजूद हैं, जैसे कि तारीख़ तबरी, तारीख़ुल ख़मीस, तबकात इब्ने सअद, किताबुल मग़ाज़ी वाक़िदी, सीरत इब्ने हिशाम, सीरत इब्ने इसहाक, सीरत हलबिया और ज़रक़ानी वगैरह। किनाना को इसी वजह से क़त्ल करने का ज़िक्र हदीस की किताब सुनन अबू दाऊद में भी है। लेकिन किनाना के क़त्ल की मुख़्तलिफ वजहें और रिवायतें भी मिलती हैं, जिनसे पता चलता है कि उसके क़त्ल की वजह ख़ज़ाने की निशानदेही न करना नहीं थी।

(सीरत हल्बिया, भाग 3, पृष्ठ 62, दारुल कुतुब अल-इल्मिय्या, बेरूत)

(किताबुल मग़ाज़ी, भाग 2, पृष्ठ 140, दारुल कुतुब अल-इल्मिय्या, बेरूत)

(शरह ज़रक़ानी, भाग 3, पृष्ठ 265, दारुल कुतुब अल-इल्मिय्या, बेरूत)

(सीरत इब्ने हिशाम, पृष्ठ 698, दारुल कुतुब अल-इल्मिय्या, बेरूत)

(इमताअुल अस्माअ, भाग 1, पृष्ठ 315, दारुल कुतुब अल-इल्मिय्या, बेरूत)

(सुनन अबू दाऊद, किताबुल खराज वल-फै और इमारत, बाब फी हुक्म अर्द ख़ैबर, हदीस नंबर 3006)

बहरहाल, ख़ैबर के इस वाक़ये को मुस्तशरिक़ीन (पश्चिमी विद्वानों) ने भी अपनी किताबों में बयान किया है और फिर ऐतराज़ करने वालों ने अपनी आदत के मुताबिक़ इस्लाम और रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की मुबारक ज़ात पर ऐतराज़ किए हैं। गोया कि आप (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को माल और दौलत की लालच थी, या यह दिखाने की कोशिश की कि नऊज़ूबिल्लाह (हम इससे ख़ुदा की शरण चाहते हैं) आप किस तरह के ज़ुल्म और तशद्दुद किया करते थे। ऐतराज़ करने वालों ने अक़्ल और इन्साफ़ से ज़रा भी काम नहीं लिया।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की ज़िंदगी तो सबके सामने एक खुली किताब की तरह थी, जो जंग शुरू करने से पहले सबको हुक्म देते हैं कि ख़बरदार! किसी बच्चे को क़त्ल न करना, किसी औरत को क़त्ल न करना, यहाँ तक कि दरख़्तों को भी बिना वजह न काटा जाए।

(सहीह अल-बुख़ारी, किताब अल-जिहाद व अल-सयर, बाब क़त्ल अन-निसा फ़ी अल-हरब, हदीस 3015)

(सुनन अल-कुबरा लिल-बैहक़ी, भाग 9, पृष्ठ 154, हदीस 18665, मक़तबा अर-रुश्द)

जो जानवरों को भी किसी तकलीफ़ में देखना पसंद नहीं करते, वे इंसानों पर कैसे ज़ुल्म व तशद्दुद कर सकते हैं?

इसी तरह माल-ए-ग़नीमत हासिल करने के लिए जंग करना एक सरासर बेबुनियाद इल्ज़ाम है, और जंग-ए-ख़ैबर तो वह जंग थी कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने मदीना से रवाना होने से पहले ही एलान फ़रमा दिया था कि जो माल-ए-ग़नीमत की उम्मीद या लालच लेकर शामिल होना चाहे, वह हमारे साथ नहीं जाएगा।

(सुबुल अल-हुदा वा अर-रशाद, भाग 5, पृष्ठ 115, दारुल कुतुब इल्मिया, बेरूत)

जिस नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का नमूना और उस्वा यह हो, उनके मुतअल्लिक़ जब ऐसी रिवायतें सामने आएँ तो इंसाफ़ का तक़ाज़ा है कि हम अच्छी तरह उन रिवायतों को देख लें, उनकी तहक़ीक़ कर लें और बेशक पहली कोशिश यह होनी चाहिए कि हर हदीस और हर रिवायत को जहाँ तक मुमकिन हो, एहतराम की नज़र से देखा जाए और जिस हद तक हो सके, उनके मज़ामीन की कोई तावील हो सकती हो, तो की जाए। लेकिन बहरहाल, आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की ज़ात-ए-मुक़द्दस और आपकी इज़्ज़त सबसे मुक़द्दम है। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम तो अद्ल व इंसाफ़ के पायकर थे, रहमत-उल-लिल-आलमीन थे। हर वह रिवायत जो इसके मुनाफ़ी हो, वह क़ाबिले-क़बूल नहीं हो सकती।

जबकि मोअर्रिख़ीन और अस्हाब-ए-सयर यह भी बयान करते हैं कि सैकड़ों-हज़ारों अहादीस और रिवायतें बाद के लोगों ने ख़ुद से गढ़ ली थीं, और यह भी मुसल्लम हक़ीक़त है कि इस साज़िश में यहूद का भी दख़ल रहा कि वे ग़लत रिवायतें पेश करते थे।

फिर यही वाक़िआ, जिसमें किनाना और उसके भाई के क़त्ल का बयान किया जाता है, इस पर हमारी तहक़ीक़ी टीम ने भी बहुत अच्छा तजज़िया किया है और रिवायतों की रौशनी में जो बयान किया है, उस पर मुस्तशरिक़ीन (पश्चिमी लेखकों) के ऐतराज़ का भी जवाब दिया है। यह बहुत अच्छा जवाब है। वे कहते हैं कि इस वाक़िआ की अंदरूनी शहादत बता रही है कि बयान करने वालों को जगह-जगह ग़लती लगी है। वे भूल रहे हैं और मुख़्तलिफ़ बातों को मिला-जुला रहे हैं। अगर कोई ऐसा वाक़िआ हुआ भी है, तो एक छोटी-सी बात को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर, मुबालग़ा आमेज़ी के साथ मनफ़ी रंग में बयान किया गया है।

उदाहरणतः, जब यहूद के साथ मुआहदा हो गया और हर क़िस्म की शराइत तय करने के बाद सुल्ह नामा तहरीर हो गया, तो फिर किसी ख़ज़ाने की तलाश ब-ज़ाहिर अजीब लगती है, क्योंकि मुआहदे की रू से यहूद की किसी भी चीज़ पर तसर्रुफ़ और मिल्कियत ख़त्म हो गई थी, सिवाय ख़ैबर की ज़मीन वग़ैरा के। फिर अगर वह ख़ज़ाना मिल गया था, जैसा कि रिवायतों में वर्णित है, तो वह ख़ज़ाना कहाँ

गया? ख़ैबर का जो भी माल-ए-ग़नीमत तक़सीम हुआ, उसकी तमाम तफ़्सीलात किताब-ए-तारीख़ व सियर में मौजूद हैं—घी, चर्बी, खजूर, कपड़े, सामान, मवेशी, नेज़े, तलवारें, तीर, ढालें वग़ैरा। लेकिन कहीं भी यह ज़िक्र नहीं मिलता कि फलाँ को इतना सोना-चाँदी या हीरे-जवाहिरात मिले। बल्कि इसके बरअक्स यह लिखा हुआ मिलता है कि ख़ैबर के अमवाल-ए-ग़नीमत में किसी क़िस्म का कोई सोना-चाँदी नहीं मिला। यह बुख़ारी की रिवायत है।

ख़ज़ाने की तलाश के लिए जो तफ्तीश की गई, इन रिवायतों में सख़्त इख़्तिलाफ़ व इज़्तराब है। किसी रिवायत में है कि किनाना से पूछा गया, किसी में है कि किनाना और उसके भाई दोनों को बुलाया गया, किसी में है कि उनके साथ एक यहूदी से पूछा गया, किसी में है कि हुयय के चचा से पूछा गया। फिर इस सारी तफ्तीश के बाद अगर सज़ा दी जानी चाहिए थी, तो बहुत से मुजरिम क़रार पाते, लेकिन रिवायतों के मुताबिक़ सिर्फ़ दो को सज़ा दी गई अर्थात किनाना और उसका भाई। कुछ रिवायतों के मुताबिक़ सिर्फ़ किनाना को सज़ा दी गई।

बुख़ारी में लिखा है कि जब हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपने अहद-ए-ख़िलाफ़त में ख़ैबर से यहूद की जला-वतनी का इरादा किया, तो उस वक़्त आपके पास अबू अल-हुक़ैक़ का एक बेटा आया। शारिह बुख़ारी अल्लामा इब्न-ए-हजर लिखते हैं कि किनाना का यह भाई हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हुके दौर तक ज़िंदा रहा और जला-वतनी तक ख़ैबर में ही मुक़ीम था। इसलिए यह भी बात ग़लत हो गई कि भाई के क़त्ल की। कुछ सियरत निगार बुख़ारी की इस रिवायत से यह इस्तिदलाल करते हैं कि सिर्फ़ किनाना को ही सज़ा दी गई थी।

(माख़ूज़: फत्ह अल-बारी, शरह सहीह अल-बुख़ारी, हदीस 2730, भाग 5, पृष्ठ 411, मतबूआ क़दीमी कुतुब खाना)

(सियरत अल-नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, शिब्ली, भाग 1, पृष्ठ 333, मक़तबा इस्लामिया)

(सहीह अल-बुख़ारी, किताब अल-मग़ाज़ी, बाब ग़ज़्व-ए-ख़ैबर, हदीस 4234)

बहरहाल, ये सारी बातें जो बयान की गई हैं, जिनमें विरोधाभास थे, इस वजह से ऐसी सभी रिवायतें (विवरण) जिनमें किसी ख़ज़ाने की प्राप्ति के लिए शारीरिक सज़ा का ज़िक्र है, संदिग्ध करार पाती हैं। जिनमें यह घटना बयान हुई है और हकीकत यह है कि यह रिवायत ही सही नहीं है।

चुनांचे, एक प्रसिद्ध जीवनी लेखक अल्लामा शिबली नोमानी लिखते हैं कि ख़ैबर की घटनाओं में जीवनी लिखने वालों ने एक गंभीर ग़लत रिवायत नक़ल की है और वह अक्सर किताबों में नक़ल होकर आम हो गई है, यानी इसे मान लिया गया है और रिवायतों में शामिल कर लिया गया है।

यानी, पहले आपने (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) यहूदियों को इस शर्त पर अमन (सुरक्षा) दिया था कि वे कोई भी चीज़ नहीं छिपाएँगे, लेकिन जब किनाना बिन रबी ने ख़ज़ाने के बारे में बताने से इंकार कर दिया तो आपने हज़रत जुबैर रज़ियल्लाहु अन्हो को हुक्म दिया कि सख़्ती करके उससे ख़ज़ाने का पता लगाएँ। हज़रत जुबैर रज़ियल्लाहु अन्हो चकमक जलाकर उसके सीने को दागते रहे, यहाँ तक कि उसकी जान निकलने के क़रीब हो गई। आख़िरकार आपने किनाना को क़त्ल करा दिया और सभी यहूदी औरतें और गुलाम बना लिए गए।

इस रिवायत का यह हिस्सा तो सही है कि किनाना क़त्ल कर दिया गया, लेकिन इसका कारण यह नहीं था कि उसने ख़ज़ाना बताने से इंकार कर दिया था, बल्कि इसका कारण यह था कि किनाना ने महमूद बिन मस्लमा को क़त्ल किया था।

तबरी में साफ़ तौर पर लिखा है कि फिर आपने (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) किनाना को मुहम्मद बिन मस्लमा के हवाले कर दिया, उन्होंने अपने भाई महमूद बिन मस्लमा के बदले में उसे क़त्ल कर दिया।

बाक़ी रिवायत की यह हालत है कि इसे तबरी और इब्न हिशाम दोनों ने इब्न इस्हाक़ से नक़ल किया है, लेकिन इब्न इस्हाक़ ने ऊपर के किसी रावी का नाम नहीं बताया।

मुहद्दिसीन ने "रिजाल" (हदीस के रावियों) की किताबों में यह साफ़ किया है कि इब्न इस्हाक़ यहूदियों से ग़ज़वात (नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की लड़ाइयों) के वाक़यात नक़ल करते थे। बहुत सी रिवायतें उन्होंने यहूदियों से ली हैं।

इस रिवायत को भी उन्हीं नक़ली रिवायतों में से समझना चाहिए क्योंकि यहूदी कभी सही बात नहीं बताएँगे और यही वजह है कि इब्न इस्हाक़ उन रावियों के नाम नहीं लेते।

किसी शख़्स से ख़ज़ाने के बारे में बताने के लिए इतनी सख़्ती करना कि उसके सीने पर चकमक से आग सुलगाई जाए, यह "रहमतुल लिल आलमीन" (संसार के लिए दया रूप) की शान से बहुत ऊँचा है।

वही शख़्स जो ज़हर देने वाले को माफ़ कर देता है, उसे सज़ा नहीं देता, क्या कुछ सिक्कों के लिए किसी को आग में जलाने का हुक्म दे सकता है?

असल घटना बस इतनी थी कि किनाना को इस शर्त पर अमान दी गई थी कि वह किसी भी तरह की बेवफ़ाई और झूठ नहीं बोलेगा। बल्कि रिवायत में है कि उसने यह भी मंज़ूर किया था कि अगर वह कुछ भी ख़िलाफ़ करेगा, तो वह क़त्ल के लायक़ होगा। किनाना ने बेवफ़ाई की, और जो सुरक्षा उसे दी गई थी, वह टूट गई। किनाना ने महमूद बिन मस्लमा को क़त्ल किया था, तो उसे बदले में क़त्ल कर दिया गया।

शायद पहले उसे माफ़ कर दिया जाता, लेकिन जब उसने एक और जगह बेवफ़ाई की, तो उसे इसकी सज़ा दी गई।

(स्रोत: सीरतुन्नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, अल्लामा शिबली नोमानी, खंड 1, पृष्ठ 284-285, मक्तबा इस्लामिया)

मौजूदा ज़माने के एक अहमदी लेखक सैयद बरकात अहमद साहिब अपनी किताब "रसूल अकरम और यहूद-ए-हिजाज़" में लिखते हैं:

इब्न इस्हाक़ ने बिना किसी सनद के एक क़िस्सा बयान किया है और यह तथ्यों के बिल्कुल ख़िलाफ़ है

पहली बात तो यह है कि किसी को यातना देना और वह भी आग से यातना देना, इस्लामी तालीम के ख़िलाफ़ है।

दूसरी बात यह है कि पूरे ख़ैबर के माल-ए-ग़नीमत (युद्ध में जीती हुई संपत्ति) में इस बरामद ख़ज़ाने की तक़सीम (वितरण) का कोई ज़िक्र नहीं मिलता।

ना ही इस ख़ज़ाने के बैतुल माल (सरकारी खज़ाने) में जमा होने की कोई रिवायत मौजूद है।

इब्न इस्हाक़ ही नहीं बल्कि दूसरे प्राचीन स्रोतों में भी ख़ैबर के माल-ए-ग़नीमत में नक़दी, सोना, चाँदी या इस तरह के अन्य कीमती सामान का कोई ज़िक्र नहीं मिलता।

सारी रिवायतें अनाज, कपड़े, या हथियारों से संबंधित हैं।

हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो, जो ग़ज़वा-ए-ख़ैबर में रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) के साथ थे, कहते थे कि हमने ख़ैबर को फ़तह किया, लेकिन हमें वहाँ कोई सोना या चाँदी नहीं मिला। (स्रोत: "रसूल अकरम और यहूद-ए-हिजाज़", पृष्ठ 162-163, मक्तबा जामिया लिमिटेड, नई दिल्ली)

किनाना बिन रबी क़त्ल हुआ, लेकिन उसके क़त्ल का कारण एक मुस्लिम सेनापति का क़त्ल था, जिसके बदले में उसे क़त्ल किया गया।

(यह घटनाएँ आगे भी चल रही हैं। यहाँ इन्हीं घटनाओं में एक यहूदी औरत का ज़िक्र भी आता है, जिसने रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) को ज़हर देने की कोशिश की, लेकिन अल्लाह तआला ने उन्हें बचा लिया।)

चूँकि यह घटना लंबी है, इसकी तफ़सील इंशाअल्लाह आगे बयान की जाएगी।

इस समय मैं एक मरहूम (स्वर्गीय) शख़्स का ज़िक्र करना चाहता हूँ और फिर उनका जनाज़ा ग़ायब (अनुपस्थित) पढ़ाऊँगा।

